Q 8 Answer

जल विज्ञान के अन्तर्गत वर्षा का अध्ययन किया जाता है। जल-मापी का उपयोग बहु-उद्देशीय परियोजनाओं के लिए होता है जिनका मुख्य उद्देश्य नौकायन, बाढ़ नियन्त्रण तथा विद्युत-शक्ति उपार्जन करना है। जल का वाष्पन तथा अवक्षेपण प्राकृतिक प्रक्रिया है जिस कारण जल ऊर्जा का सस्ता एवं सुलभ स्रोत है। जल शक्ति संयन्त्रों के स्थल पर जल को एकत्रित कर लिया जाता है, जिससे संयन्त्रों में जल की आपूर्ति पूरे वर्ष प्राप्त हो सके।

Rainfall:- यदि वर्षा के जल को एक स्थान पर एकत्र कर लिया जाए और उसके पूर्व उसमें किसी प्रकार का ह्रास न हुआ हो तो इस एकत्रित जल की मात्रा का आकलन किसी छोटे क्षेत्रफल में गहराई मापकर शुद्धतापूर्वक किया जा सकता है।

उपरोक्त कल्पना के अनुसार

वर्षा का आकलन वर्षा मापी द्वारा किया जाता है। यह निम्नवत् दो प्रकार की होती है।

(i) पठनीय वर्षा मापी

(ii) अपठनीय वर्षा मापी